जीविका
ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार
# बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
## राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार
बिहार सरकार
तृतीय तल, विद्युत भवन–2, बेली रोड, पटना– 800 021, दूरभाष: +91–612–250 4980, फैक्स: +91–612–250 4960, वेबसाइट : www.brlps.in

पत्रांक : BRLPS/Estt-HR/2304/25/1788 दिनांक: 06.08.2025

## चेतावनी

**विषय: जीविका में प्रखंड स्तरीय पदों पर बहाली के संबंध में आवश्यक सूचना एवं चेतावनी**

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) द्वारा प्रखंड स्तरीय सात पदों: प्रखंड परियोजना प्रबंधक (Block Project Manager), आजीविका विशेषज्ञ (Livelihoods Specialist), क्षेत्रीय समन्वयक (Area Coordinator), लेखापाल (Accountant-DPCU/BPIU Level), कार्यालय सहायक (Office Assistant-DPCU/BPIU Level), सामुदायिक समन्वयक (Community Coordinator), प्रखंड सूचना प्रौद्योगिकी कार्यकारी (Block IT Executive) की बहाली हेतु विज्ञापन प्रकाशित किए गए हैं। इन पदों के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से जीविका की आधिकारिक वेबसाइट (brlps.in) पर ही स्वीकार किए जा रहे हैं।

इस संदर्भ में, सभी संबंधित अभ्यर्थियों, अभिभावकों एवं आमजनों को सूचित एवं सतर्क किया जाता है कि वे किसी भी ऐसे व्यक्ति के झांसे में न आएं जो इन पदों पर चयन करवाने के लिए पैसे या अन्य किसी अनैतिक माध्यम से वादा करते हैं।

यदि कोई भी अभ्यर्थी ऐसे प्रलोभनों या जालसाजी का शिकार होता है तो इसकी जिम्मेदारी जीविका की नहीं होगी। जीविका चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है । सभी नियुक्तियाँ केवल योग्यता, निर्धारित प्रक्रिया एवं मेधा के आधार पर ही की जाएगी।

अतः, आप सभी से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार के धोखे से बचें और जीविका की आधिकारिक वेबसाइट (brlps.in) पर अपलोड किये गए सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

6/8/25

(हिमांशु शर्मा)
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी